Regarding inclusion of Ramcharitmanas in school curriculum

श्री मोहन मंडावी **(**कांकेर**):** मैं तुलसीकृत श्री रामचरित मानस को स्कूली पाठ्यक्रम मे शामिल करने की मांग करता हूँ । श्री रामचरित मानस ग्रंथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के पावन चरित्र का वर्णन करने वाला आदि महाकाव्य है । इसमें आदर्श पितृभक्ति, मातृप्रेम एवं हितकारी राजधर्म आदि श्रेष्ठ जीवन के विविध संबंधी आयामों का वृहद रूप मे दिगदर्शन होता है । इस ग्रंथ में मर्यादित जीवन मूल्यों का नारी के शील, पवित्रता, भाई के आदर्श प्रेम तथा प्रजा हितैषी राष्ट्रवाद के उच्च मर्यादाओं व परिपाटी का संदेश मिलता है । जो आज के परिवेश में अत्यंत ही प्रासंगिक है । अत: मेरा अनुरोध है कि माननीय शिक्षा मंत्री ?तुलसी के श्री रामचरित मानस? को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की कृपा करें ।